(4) Article 243 K and Article 243 Z

**108.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :
**"Committee on Panchayati Raj in India"**

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Working group on Panchayats and Cooperatives | i. 1965 |
| B. Study team on Panchayati Raj Finances | ii. 1986 |
| C. Committee on Panchayati Raj Election | iii. 1961 |
| D. Committee on Revitalisation of Panchayati Raj Institutions for democracy and development | iv. 1963 |

Choose the correct answer :

(1) A-ii; B-iii; C-iv; D-i
(2) A-iii; B-iv; C-i; D-ii
(3) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**109.** Which of the following facts about the Chief Secretary are correct ?
a. He is the principal advisor of the Chief Minister
b. He is the chief communication link between the State Government and the Central Government.
c. He has control over the staff attached to the ministers.
d. He receives all important and confidential communications from the Government of India and Chief Minister.
Select the correct answer using the code given below :

(1) b, c & d
(2) a & c
(3) a, b, c & d
(4) Neither a nor b

**107.** राज्य वित्त आयोग से कौन से अनुच्छेद संबंधित हैं ?

(1) अनुच्छेद 243 D एवं अनुच्छेद 243 S
(2) अनुच्छेद 243 G एवं अनुच्छेद 243 T
(3) अनुच्छेद 243 I एवं अनुच्छेद 243 Y
(4) अनुच्छेद 243 K एवं अनुच्छेद 243 Z

**108.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कोडों में से सही उत्तर चुनिए :
**"भारत में पंचायती राज पर समिति"**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. पंचायतों और सहकारिताओं पर कार्य समूह | i. 1965 |
| B. पंचायती राज वित्त पर अध्ययन दल | ii. 1986 |
| C. पंचायती राज चुनाव पर समिति | iii. 1961 |
| D. लोकतंत्र और विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्जीवन पर समिति | iv. 1963 |

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) A-ii; B-iii; C-iv; D-i
(2) A-iii; B-iv; C-i; D-ii
(3) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**109.** मुख्य सचिव के बारे में निम्नलिखित तथ्यों मे से कौन से सही हैं ?
a. वे मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार होते हैं ।
b. वे राज्य सरकार और केंद्रीय सरकार के बीच प्रमुख संचार कड़ी होते हैं ।
c. उनके पास मंत्रियों से जुड़े कर्मचारियों का नियंत्रण होता है ।
d. वे भारत सरकार और मुख्यमंत्री से सभी महत्त्वपूर्ण और गोपनीय सूचनाएँ प्राप्त करते हैं ।
नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

(1) b, c & d
(2) a & c
(3) a, b, c & d
(4) ना ही a ना ही b

**110.** Consider the following statements about Powers and Functions of the Chief Minister :

a. The Chief Minister acts as a link between the Governor and the Council of Ministers.

b. The Chief Minister controls the Election Commission.

c. The Chief Minister communicates the decisions of the Council of Ministers to the Governor.

d. The Chief Minister can terminate the Director General of Police

Choose the correct answer :

(1) b, c & d only

(2) a & c only

(3) b & d only

(4) Neither a nor b

**111.** What is legal implication of a Governor acting in his 'discretion' under Article 163 of the Constitution ?

(1) The Governor must always consult the council of ministers even when acting in his discretion.

(2) The Governor must document the advice received from ministers before exercising discretionary power.

(3) The Governor's action can be challanged in any court of law on the grounds that he was ill advised.

(4) The decision taken by the Governor in his discretion is final and its validity cannot be questioned on the grounds that he ought or ought not to have acted in his discretion.

**112.** Who is responsible for conducting the election of municipalities and preparing the electoral lists ?

(1) The Election Commission of India

(2) The Governor

(3) The State Election Commission

(4) The District Election Officer

**110.** मुख्यमंत्री की शक्तियों और कार्यों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

a. मुख्यमंत्री राज्यपाल और मंत्रिपरिषद् के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है ।

b. मुख्यमंत्री निर्वाचन आयोग को नियंत्रित करता है ।

c. मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद् के निर्णयों को राज्यपाल तक पहुँचाता है ।

d. मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक को पद से हटा सकता है ।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल b, c & d

(2) केवल a & c

(3) केवल b & d

(4) ना ही a ना ही b

**111.** संविधान के अनुच्छेद 163 के अन्तर्गत 'अपने विवेक से' कार्य करने वाले राज्यपाल के कानूनी निहितार्थ क्या है ?

(1) राज्यपाल को अपने विवेकानुसार कार्य करते समय भी हमेशा मंत्रिपरिषद् से परामर्श करना चाहिए ।

(2) राज्यपाल को विवेकाधीन शक्ति का प्रयोग करने से पहले मंत्रियों से प्राप्त सलाह का दस्तावेजीकरण करना चाहिए ।

(3) राज्यपाल की कार्यवाही को कानून की किसी भी अदालत में इस आधार पर चुनौती दी जा सकती है कि उसको गलत सलाह दी गई है ।

(4) राज्यपाल द्वारा अपने विवेक से लिया गया निर्णय अन्तिम है और इसकी वैधता पर इस आधार पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है कि उसे अपने विवेक से कार्य करना चाहिए या नहीं करना चाहिए था ।

**112.** नगरपालिकाओं के चुनाव का संचालन और मतदाता सूची तैयार करने का उत्तरदायित्व किसका है ?

(1) भारतीय निर्वाचन आयोग

(2) राज्यपाल

(3) राज्य निर्वाचन आयोग

(4) जिला निर्वाचन अधिकारी

**113.** Which is not the service in the Central Secretariat ?

(1) Central Secretariat Service (CSS)
(2) Central Secretariat Officers Service (CSOS)
(3) Central Secretariat Stenographers Service (CSSS)
(4) Central Secretariat Clerical Service (CSCS)

**114.** Which of the following statements about on advice of the Council of Ministers the President can grant pardon to any convicted person are correct ?
a. Pardon which rescinds both the sentence and the conviction absolving an offender from all the punishment.
b. Commutation which substitutes a tougher punishment by a lighter one.
c. President can exercise his power of pardon independently without advice of the Council of Ministers.
d. Remission which reduces the amount of the sentence without changing its character.
Choose the correct answer :

(1) a & b only
(2) b only
(3) a, b and d only
(4) a, c and b only

**115.** Consider the following statements :
**Assertion (A) :** Parliament has exclusive power to make laws with respect to any of the matters enumerated in List I in the seventh schedule by Article 246.
**Reason (R) :** The executive power of every State shall be so exercised as to ensure compliance with the law made by Parliament. Article 256.
Choose the correct answer :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**113.** केंद्रीय सचिवालय में कौन सी सेवा नहीं है ?

(1) केंद्रीय सचिवालय सेवा
(2) केंद्रीय सचिवालय अधिकारी सेवा
(3) केंद्रीय सचिवालय स्टेनोग्राफर सेवा
(4) केंद्रीय सचिवालय लिपिकीय सेवा

**114.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं कि मंत्रिपरिषद् की सलाह पर राष्ट्रपति किसी भी दोषी व्यक्ति को क्षमा दे सकते हैं ?
a. क्षमा; जो सजा और दोष दोनों को रद्द कर देता है और अपराधी को सभी दंडों से मुक्त करता है ।
b. परिवर्तन; जो कठोर सजा को हलकी सजा से बदल देता है ।
c. राष्ट्रपति अपनी क्षमा शक्ति का प्रयोग मंत्रिपरिषद् की सलाह के बिना स्वतंत्र रूप से कर सकते हैं ।
d. सजा में कमी (परिहार) जो सजा की मात्रा को कम करता है लेकिन उसकी प्रकृति नहीं बदलता ।
सही उत्तर चुनें ।

(1) केवल a और b
(2) केवल b
(3) केवल a, b और d
(4) केवल a, c और b

**115.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** अनुच्छेद 246 के अनुसार, संसद की सातवीं अनुसूची की संघ सूची (List-I) के किन्हीं भी विषयों पर कानून बनाने का एकाधिकार प्राप्त है ।
**कारण (R) :** अनुच्छेद 256 यह कहता है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति का प्रयोग इस प्रकार किया जाएगा कि संसद द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन सुनिश्चित हो ।
सही उत्तर चुनें ।

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।
(4) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**116.** What is the title of the 12th Report of the 2nd Administrative Reforms Commission ?

(1) Strengthening Financial Management System

(2) Citizen Centric Administration

(3) Capacity Building for Conflict Resolution

(4) Social Capital-A shared Destiny

**117.** What does the term 'Mansab' denote in Mughal Administration ?

(1) A village Council

(2) A Tax Collection Office

(3) An official designation of rank and profit

(4) A religious decree

**118.** Which of the following is/are incorrect about the council of ministers ?

(a) All the members of the Council of Ministers shall be appointed by the Prime Minister.

(b) The Ministers shall hold office during the pleasure of the Prime Minister.

(c) The Council of Ministers shall be collectively responsible to the parliament.

(d) The total number of the Ministers shall not exceed fifteen percent of the total number of the house of the people.

Select the correct answer :

(1) Only (a)

(2) (a) and (b)

(3) (a), (b) and (c)

(4) (a), (b), (c) and (d)

**119.** Directorate of Public Grievance is part of the which of the following ?

(1) Ministry of Home Affairs

(2) Cabinet Secretariat

(3) Ministry of Personnel, Public Grievance and Pensions

(4) NITI Aayog

**116.** द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के 12वें प्रतिवेदन का शीर्षक क्या है ?

(1) वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाना

(2) नागरिक केंद्रित प्रशासन

(3) विवाद सुलझाने के लिए क्षमता निर्माण

(4) सामाजिक पूँजी-साझी नियति

**117.** मुगल प्रशासन में 'मनसब' शब्द किसका द्योतक है ?

(1) एक ग्राम परिषद्

(2) एक कर संग्रहण कार्यालय

(3) श्रेणी और लाभ का एक आधिकारिक पदनाम

(4) एक धार्मिक आदेश

**118.** निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से कथन मंत्रिपरिषद् के बारे में सही नहीं है/हैं ?

(a) मंत्रिपरिषद् के सभी सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री करेगा ।

(b) मंत्री प्रधानमंत्री के प्रसाद पर्यन्त अपने पद धारण करेंगे ।

(c) मंत्रिपरिषद् संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी ।

(d) मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या लोक सभा की कुल संख्या के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(1) केवल (a)

(2) (a) और (b)

(3) (a), (b) और (c)

(4) (a), (b), (c) और (d)

**119.** लोक शिकायत निदेशालय निम्नलिखित में से किसका भाग है ?

(1) गृह मंत्रालय

(2) केंद्रीय सचिवालय

(3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

(4) नीति आयोग

**120.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

**'Administration of the Mughal Empire'**

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Wakil | i. Head of the police |
| B. Mansabadari System | ii. Head of the fiscal administration |
| C. Sahib-I-Shurtah | iii. The backbone of Mughal Army |
| D. Wazir | iv. Head of the administration |

Choose the correct answer :

(1) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(2) A-iv; B-ii; C-iii; D-i
(3) A-iv; B-iii; C-i; D-ii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**121.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Provision in Indian Constitution Article 316 | i. The chairman and other members of a Public Service Commission shall be appointed in the case of the Union Commission or a Joint Commission |
| B. Provision in Indian Constitution Article 319 | ii. The duty of the Union Public Service Commission to present annually to the President a report as work done by Commission |
| C. Provision in Indian Constitution Article 321 | iii. Power to extend functions of Union and State Public Service Commissions |
| D. Provision in Indian Constitution Article 323 | iv. The chairman of the Union Public Service Commission shall be ineligible for further employment either under the Government of India or under the Government of a State |

Choose the correct answer :

(1) A-ii; B-iii; C-iv; D-i
(2) A-iv; B-ii; C-iii; D-i
(3) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**122.** "The Indian Constitution is described as a federal system with a strong centralizing tendency." This statement was stated by :

(1) K.C. Wheare
(2) V. Dicey
(3) Ivor Jennings
(4) B.R. Ambedkar

**120.** सूची-I को सूची-II से मिलाइए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

**"मुगल साम्राज्य का प्रशासन"**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. वकील | i. पुलिस का प्रमुख |
| B. मनसबदारी प्रणाली | ii. वित्तीय प्रशासन का प्रमुख |
| C. साहिब-ए-शुर्ता | iii. मुगल सेना की रीढ़ |
| D. वज़ीर | iv. प्रशासन का प्रमुख |

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(2) A-iv; B-ii; C-iii; D-i
(3) A-iv; B-iii; C-i; D-ii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**121.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भारतीय संविधान में प्रावधान अनुच्छेद 316 | i. किसी सार्वजनिक सेवा आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्य, संघ आयोग या संयुक्त आयोग के मामले में नियुक्त किए जाएँगे। |
| B. भारतीय संविधान में प्रावधान अनुच्छेद 319 | ii. संघ लोक सेवा आयोग का कर्तव्य है कि वह प्रतिवर्ष राष्ट्रपति को किए गए कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करे। |
| C. भारतीय संविधान में प्रावधान अनुच्छेद 321 | iii. संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों के कार्यों का विस्तार करने की शक्ति। |
| D. भारतीय संविधान में प्रावधान अनुच्छेद 323 | iv. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के तहत किसी भी अन्य नौकरी के लिए पात्र नहीं होंगे। |

सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) A-ii; B-iii; C-iv; D-i
(2) A-iv; B-ii; C-iii; D-i
(3) A-ii; B-i; C-iv; D-iii
(4) A-i; B-iv; C-iii; D-ii

**122.** "भारतीय संविधान को एक संघीय प्रणाली के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें केंद्रीकरण की प्रवृत्ति अधिक है।" यह कथन किसके द्वारा कहा गया था ?

(1) के.सी. व्हीयर
(2) वी. डाइसी
(3) आइवर जेंनिंग्स
(4) बी.आर. अंबेडकर

**123.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** The terms 'leader' and 'manager' are not necessarily inter-changeable.

**Reason (R) :** A leader is not necessarily required to perform all the functions of a manager.

Choose the correct answer :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**124.** Which of the following are not associated with Elton Mayo's contribution to organisation theory ?

a. Hawthorne Experiments

b. Advice and Information

c. Science Based Management

d. Experiments were concentrated on fatigues, accidents, rest periods and production levels.

e. To the realization of importance of human relations in work situations.

Select the correct code :

(1) a & d

(2) b & c

(3) c & d

(4) b & a

**125.** Which is not related with the concept of Scientific Management ?

(1) Science, not rule of Thumb

(2) Harmony, not discard

(3) Individualism ; not cooperation

(4) Maximum output, in place of restricted output

**126.** Who is known as father of Administrative Management Theory ?

(1) Henry Fayol

(2) Woodrow Wilson

(3) Herbert Simon

(4) Elton Mayo

**123.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** क्योंकि नेता और प्रबंधक की भूमिकाएँ अलग हो सकती हैं ।

**कारण (R) :** क्योंकि नेता प्रेरणा और मार्गदर्शन दे सकता है, लेकिन उसे प्रबंधन के सभी कार्य करना जरूरी नहीं होता ।

सही उत्तर चुनिए :

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**124.** निम्नलिखित में से कौन से एल्टन मेयो के संगठन सिद्धांत में योगदान से संबंधित नहीं है ?

a. हॉथोर्न प्रयोग

b. सलाह और जानकारी

c. विज्ञान-आधारित प्रबंधन

d. प्रयोग थकान, दुर्घटनाएँ, विश्राम अवधि और उत्पादन स्तरों पर केंद्रित थे

e. कार्य स्थितियों में मानव संबंधों के महत्त्व को समझना

सही कोड चुनें :

(1) a & d

(2) b & c

(3) c & d

(4) b & a

**125.** वैज्ञानिक प्रबंधन सिद्धांत से कौन संबंधित नहीं है ?

(1) अनुमान के बजाय, विज्ञान

(2) सामंजस्य, कलह नहीं

(3) व्यक्तिवाद; न कि सहयोग

(4) प्रतिबंधित उत्पादन के स्थान पर अधिकतम उत्पादन

**126.** प्रशासनिक प्रबंध सिद्धांत का जनक किसे माना जाता है ?

(1) हेनरी फेयोल

(2) वुडरो विल्सन

(3) हर्बर्ट साइमन

(4) एल्टन मेयो

**127.** Which one of the following is not a part of Hawthorne studies of Elton Mayo ?

(1) Great Illumination experiment
(2) First Inquiry
(3) Interviewing programming
(4) Bank wiring experiment

**128.** Who has mentioned "Zone of Indifference" in the context of authority ?

(1) Herbert Simon
(2) Chestor Barnard
(3) Rensis Likert
(4) Dwight Waldo

**129.** Which among the following are correct about Herbert Simon ?

(a) Simon supported the traditional 'principles approach' by classicists.
(b) Simon disapproved the policy-administration dichotomy on both descriptive and normative grounds.
(c) Simon considered 'efficiency' and 'economy' as the criteria for administrative effectiveness.
(d) Simon proposed a new concept of administration based on methodology of logical positivism.
Select the correct answer using the code given below :

(1) (a), (b) and (c) are correct.
(2) (b), (c) and (d) are correct.
(3) (a), (b) and (d) are correct.
(4) Only (a) and (d) are correct.

**127.** निम्नलिखित में से कौन एल्टन मेयो के हॉथोर्न अध्ययन का हिस्सा नहीं है ?

(1) महान प्रकाश प्रयोग
(2) पहली पूछताछ
(3) साक्षात्कार कार्यक्रम
(4) बैंक वायरिंग प्रयोग

**128.** किसने सत्ता/प्राधिकार के संदर्भ में "उदासीनता क्षेत्र" को उल्लेखित किया है ?

(1) हर्बर्ट साइमन
(2) चेस्टर बर्नार्ड
(3) रेंसिस लिंकर्ट
(4) ड्वाइट वाल्डो

**129.** निम्नलिखित में से कौन सा हर्बर्ट साइमन के बारे में सही है ?

(a) साइमन ने शास्त्रीय चिन्तकों द्वारा अपनाये गये पारम्परिक 'सिद्धान्त उपागम' का समर्थन किया ।
(b) साइमन ने वर्णनात्मक और आदर्शात्मक दोनों आधारों पर राजनीति-प्रशासन द्विभाजन को अस्वीकार कर दिया ।
(c) साइमन ने प्रशासनिक प्रभावशीलता के लिए 'दक्षता' और 'मितव्ययता' को मानदण्ड माना ।
(d) साइमन ने तार्किक सकारात्मकतावाद की प्रविधि पर आधारित प्रशासन की नवीन अवधारणा प्रस्तावित की ।
नीचे दिये गये कूटों के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(1) (a), (b) और (c) सही हैं ।
(2) (b), (c) और (d) सही हैं ।
(3) (a), (b) और (d) सही हैं ।
(4) केवल (a) और (d) सही हैं ।

**130.** Match the industrial activities as classified by Henry Fayol and the functions involved in it :

| (Industrial Activities) | (Functions) |
|---|---|
| A. Technical Activities | i. Buying, selling and exchange |
| B. Commercial Activities | ii. Production, manufacture and adaptation |
| C. Financial Activities | iii. Stock-taking, costs and statistics |
| D. Accounting Activities | iv. Optimum use of capital |

**Code :**

(1) A-iv; B-ii ; C-iii ; D-i
(2) A-ii ; B-i ; C-iv ; D-iii
(3) A-iv ; B-iii ; C-i ; D-ii
(4) A-iii ; B-iv ; C-ii ; D-i

**130.** हेनरी फेयोल द्वारा वर्गीकृत औद्योगिक गतिविधियों और उनमें शामिल कार्यों का मिलान कीजिए ।

| (औद्योगिक गतिविधियाँ) | (कार्य) |
|---|---|
| A. तकनीकी गतिविधियाँ | i. खरीद, बिक्री और विनिमय |
| B. वाणिज्यिक गतिविधियाँ | ii. उत्पादन, निर्माण और अनुकूलन |
| C. वित्तीय गतिविधियाँ | iii. स्टॉक लेना, लागत और सांख्यिकी |
| D. लेखांकन गतिविधियाँ | iv. पूँजी का अधिकतम उपयोग |

**कूट :**

(1) A-iv; B-ii ; C-iii ; D-i
(2) A-ii ; B-i ; C-iv ; D-iii
(3) A-iv ; B-iii ; C-i ; D-ii
(4) A-iii ; B-iv ; C-ii ; D-i

**131.** Who among the following criticised Mayo and other industrial sociologists for practicing "not a science of man, but a cow sociology" ?

(1) James Hoops
(2) David Howkins
(3) Deniel Bell
(4) Harold Merkel

**131.** निम्नलिखित में से किसने मेयो और अन्य औद्योगिक समाजशास्त्रियों की “मनुष्य का विज्ञान नहीं, बल्कि गाय समाजशास्त्र” का अभ्यास करने के लिए आलोचना की ?

(1) जेम्स हूप्स
(2) डेविड हॉकिन्स
(3) डेनियल बेल
(4) हैरॉल्ड मरकेल

**132.** Which among the following statement is correct about Taylor ?

(1) Taylor argued that there is an inherent conflict in the interests of employers, workers and consumers.
(2) Taylor felt it was the workers' sole responsibility, not managements, to develop their own skills for advancement.
(3) Taylor's experimentes were mostly unrecorded and lasted only a few years.
(4) The 'shop system' experiments were designed to determine how long a man or machine should take to perform a task under controlled conditions.

**132.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन टेलर के बारे में सही है ?

(1) टेलर ने तर्क दिया कि नियोक्ताओ, श्रमिकों और उपभोक्ताओं के हितों में एक अन्तर्निहित संघर्ष है ।
(2) टेलर ने महसूस किया कि तरक्की के लिए अपने स्वयं के कौशल को विकसित करना प्रबन्धन की नहीं, बल्कि श्रमिकों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी थी ।
(3) टेलर के प्रयोग ज्यादातर अलिखित थे और केवल कुछ वर्षों तक चले ।
(4) 'दुकान प्रणाली' को यह निर्धारित करने के लिए आकल्पित किया गया था कि नियंत्रित परिस्थितियों में एक आदमी या मशीन को काम करने में कितना समय लगना चाहिए ।

**133.** Paul H. Appleby observes Hierarchical form of organisation is preferred :

(1) Principles of sound organisation, Supervise and regulate the performance.

(2) One single boss, The Instruction Card & The Time and Cost Clerk

(3) Chain of Command, Channel of Communication & Fixing up of responsibility

(4) Unity of Diversity, Harmonisation of goals & Growing Specialization

**134.** "Administration is the organisation and direction of human and material resources to achieve desired ends." This definition was given by :

(1) L.D. White

(2) Woodrow Wilson

(3) Hebert Simon

(4) J.M. Pfiffner and Presthus

**135.** Who does not believe that public administration and private administration are different ?

(1) Peter Drucker

(2) Henry Fayol

(3) Paul H. Appleby

(4) Sir Josia Stamp

**136.** Who is not related with the narrow view of Public Administration ?

(1) Smithburg

(2) Thompson

(3) Woodrow Wilson

(4) Herbert Simon

**137.** Who has mentioned that scalar principle is of the universal principles of organisation ?

(1) Luther Gulick

(2) L. Urwick

(3) James D. Mooney

(4) Henry Fayol

**138.** Book, "Administrative Behaviour" is written by whom ?

(1) Woodrow Wilson

(2) Herbert Simon

(3) L.D. White

(4) Marshal Dimock

**133.** पॉल एच. एप्पलबी ने देखा कि संगठन के लिए पदानुक्रमित रूप को प्राथमिकता दी जाती है ।

(1) संगठित, संगठन के सिद्धांत, कार्य प्रदर्शन की निगरानी और नियंत्रण करना ।

(2) एकमात्र प्रमुख (बॉस), निर्देश पत्रक और समय एवं लागत क्लर्क ।

(3) आदेश की श्रृंखला, संचार का मार्ग और जिम्मेदारी तय करना ।

(4) विविधता में एकता, लक्ष्यों का सामंजस्य और बढ़ती विशेषज्ञता ।

**134.** "प्रशासन मानव और भौतिक संसाधनों का संगठन और निर्देशन है ताकि इच्छित उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके ।" यह परिभाषा किसके द्वारा दी गयी थी ?

(1) एल. डी. व्हाइट

(2) वुडरो विल्सन

(3) हर्बर्ट साइमन

(4) जे.एम. पिफ्फनर एवं प्रेस्थस

**135.** कौन यह विश्वास नहीं करता कि लोक प्रशासन और निजी प्रशासन अलग हैं ?

(1) पीटर ड्रकर

(2) हेनरी फेयोल

(3) पॉल एच. एप्पलबी

(4) सर जोसिया स्टाम्प

**136.** लोक प्रशासन के संकुचित दृष्टिकोण से कौन सम्बन्धित नहीं है ?

(1) स्मिथबर्ग

(2) थॉमसन

(3) वुडरो विल्सन

(4) हर्बर्ट साइमन

**137.** यह किसने उल्लेखित किया है कि सोपान सिद्धांत संगठन का सार्वभौमिक सिद्धांत है ?

(1) लुथर गुलिक

(2) एल. उर्विक

(3) जेम्स डी. मूने

(4) हेनरी फेयोल

**138.** किताब "एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर" किसके द्वारा लिखी गई ?

(1) वुडरो विल्सन

(2) हर्बर्ट साइमन

(3) एल. डी. व्हाइट

(4) मार्शल डिमॉक

**139.** Which of the following best describes Wilson's views on the relationship between government operations and business practices?

(1) He believed government should be completely isolated from the 'business-like' operations of the private sector.

(2) He argued that government is inherently too inefficient to ever adopt business philosophies.

(3) He admired the managerial philosophies of the business world and advocated for a concentrated, integrated administrative structure.

(4) He suggested that business practices were only applicable to the legislative branch, not the administrative one.

**140.** Which of the following is/are the merit/s of the scaler system ?

(a) It encourage skipping levels to improve efficiency.

(b) It gives effect to the proper channel method of dealings.

(c) It serves as an instrument of integration and coherence in an organisation.

(d)It promotes the elimination of the superior - subordinate relationship.

Select the correct answer :

(1) (a) and (b) are correct.

(2) (b) and (c) are correct.

(3) (a), (b) and (c) are correct.

(4) (b), (c) and (d) are correct.

**141.** What is the main reason for the advocacy of civil service neutrality ?

(1) To ensure civil servants can create new national policies independently.

(2) To give civil servants the power to override ministerial decisions.

(3) To eliminate the need for a merit based recruitment system.

(4) To allow civil servants to serve changing governments drawn from different parties with equal vigour and honesty.

**139.** निम्नलिखित में से कौन सा सरकारी क्रियाविधियों और व्यावसायिक व्यवहारों के बीच सम्बन्धों पर विल्सन के विचारों का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(1) उनका मानना था कि सरकार को निजी क्षेत्र के 'व्यापार-जैसे' कार्यों से पूरी तरह से अलग किया जाना चाहिए ।

(2) उन्होंने तर्क दिया कि सरकार कभी भी व्यावसायिक दर्शन को अपनाने के लिए स्वाभाविक रूप से अक्षम है ।

(3) उन्होंने व्यावसायिक जगत के प्रबन्धकीय दर्शन की प्रशंसा की और एक केन्द्रीयकृत, एकीकृत प्रशासनिक संरचना की वकालत की ।

(4) उन्होंने सुझाव दिया कि व्यावसायिक व्यवहार केवल विधायी शाखा पर लागू होते हैं, न कि प्रशासनिक शाखा पर ।

**140.** निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से 'स्केलर' पद्धति के गुण है/हैं ?

(a) यह दक्षता में सुधार करने के लिए लंघन स्तरों को प्रोत्साहित करता है ।

(b) यह व्यवहार की उचित माध्यम को प्रभावित करता है ।

(c) यह एक संगठन में एकीकरण और सुसंगतता के साधन के रूप में कार्य करता है ।

(d) यह उच्च-अधीनस्थ सम्बन्धों के उन्मूलन को प्रोत्साहित करता है ।

सही उत्तर का चयन करें :

(1) (a) और (b) सही हैं ।

(2) (b) और (c) सही हैं ।

(3) (a), (b) और (c) सही हैं ।

(4) (b), (c) और (d) सही हैं ।

**141.** सिविल सेवा तटस्थता की वकालत का मुख्य कारण क्या है ?

(1) यह सुनिश्चित करना कि सिविल सेवक स्वतन्त्र रूप से नई नीतियाँ बना सके ।

(2) सिविल सेवकों को मंत्रीस्तरीय निर्णयों के अधिरोहण करने की शक्ति प्रदान करना ।

(3) योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली की आवश्यकता को समाप्त करने के लिए ।

(4) सिविल सेवकों को समान शक्ति और ईमानदारी के साथ विभिन्न दलों से बनाई गई बदलती सरकारों की सेवा करने की अनुमति देना ।

**142.** Which one of the following observations is conducted under pre-arranged conditions ?

(1) Uncontrolled observation
(2) Controlled observation
(3) Participant observation
(4) Natural observation

**143.** How should you handle a parenthetical reference if your work-cited list contains more than one author with the same last name ?

(1) Use only the title of the work
(2) Use the author's full name every time
(3) Add the author's first initial to the reference
(4) Omit the page number

**144.** Which measure of central tendency is appropriate for an ordinal scale ?

(1) The Standard Deviation
(2) The Mean
(3) The Median
(4) The Mode

**145.** What is another name of convenience sampling ?

(1) Multistage sampling
(2) Accidental sampling
(3) Cluster sampling
(4) Systematic sampling

**146.** Which type of investigation is described as being completely 'free from sampling errors' ?

(1) The sample survey
(2) The census survey
(3) Exploratory unstructured interviews
(4) Non-probability deliberate sampling

**142.** निम्नलिखित पर्यवेक्षणों में कौन सा एक है जो पूर्व-व्यवस्थित परिस्थितियों में संचालित किया जाता है ?

(1) अनियंत्रित अवलोकन
(2) नियंत्रित अवलोकन
(3) सहभागी अवलोकन
(4) प्राकृतिक अवलोकन

**143.** यदि आपकी कार्य उद्धृत सूची में एक ही अन्तिम नाम वाले एक से अधिक लेखक हैं तो आपको आरंभिक सन्दर्भ को कैसे संभालना चाहिए ?

(1) केवल कार्य के शीर्षक का उपयोग करेंगे ।
(2) हर बार लेखक के पूर्ण नाम का उपयोग करेंगे ।
(3) लेखक का प्रथमाक्षर सन्दर्भ में जोड़ेंगे ।
(4) पृष्ठ संख्या को छोड़ देंगे ।

**144.** केन्द्रीय प्रवृत्ति का कौन सा माप क्रमिक माप के लिये उपयुक्त है ?

(1) मानक विचलन
(2) माध्य
(3) माध्यिका
(4) बहुलक

**145.** सुविधा आधारित निदर्शन/प्रतिचयन का दूसरा नाम क्या है ?

(1) बहुचरणीय निदर्शन/प्रतिचयन
(2) आकस्मिक निदर्शन/प्रतिचयन
(3) समूह निदर्शन/प्रतिचयन
(4) व्यवस्थित निदर्शन/प्रतिचयन

**146.** किस प्रकार के अन्वेषण को 'प्रतिदर्श त्रुटियों से पूर्णतया मुक्त' कहा जाता है ?

(1) प्रतिदर्श सर्वेक्षण
(2) जनगणना सर्वेक्षण
(3) अन्वेषणात्मक असंरचित साक्षात्कार
(4) गैर-संभाव्यता सोद्देश्य प्रतिदर्श

**147.** If a research study is 'exploratory or formulative' in nature, what is its major emphasis and what characteristic must the research design possess ?

(1) Emphasis on minimizing data collection ; the research design must be brief.

(2) Emphasis on precise causal linkages ; the research design must be highly rigid.

(3) Emphasis on discovery of ideas and insights ; the research design must be flexible.

(4) Emphasis on establishing complete mathematical proof ; the design must be structural.

**148.** Which of the following statement/statements is/are correct about Research Methodology ?

(a) The scope of Research methodology is wider than that of research methods.

(b) Research methodology is a science to study how research is done scientifically.

(c) Research methodology is a sub-group of research techniques used for statistical relationship.

(d) Research methodology refers only to the collection and processing of data.

Select the correct answer :

(1) Only (a) is correct.

(2) Only (a) and (b) are correct.

(3) Only (a), (b), (c) are correct.

(4) Only (a), (b), (c) and (d) are correct.

**149.** Arrange the following steps of writing report in chronological order and select the correct answer using code given below :

(a) Rewriting and polishing of the rough draft.

(b) Preparation of the final outline.

(c) Logical analysis of the subject matter.

(d) Preparation of the final bibliography.

Select the correct answer :

(1) (c), (b), (a), (d)

(2) (b), (a), (d), (c)

(3) (c), (a), (b), (d)

(4) (a), (d), (b), (c)

**147.** यदि एक अध्ययन अपनी प्रकृति में 'अन्वेषणात्मक और रचनात्मक' है तो इसका मुख्य बल किस पर होता है और शोध प्रारूप में कौन सी विशेषताएँ होनी चाहिए ?

(1) तथ्य संग्रहण को न्यूनतम करने पर जोर ; शोध प्रारूप संक्षिप्त होना चाहिए ।

(2) सटीक कारण सम्बन्धों पर जोर, शोध प्रारूप अत्यधिक सख्त होना चाहिए ।

(3) विचारों और अन्तर्दृष्टि की खोज पर जोर ; शोध प्रारूप लचीला होना चाहिए ।

(4) सम्पूर्ण गणितीय प्रमाणों की स्थापना पर जोर ; शोध प्रारूप संरचनात्मक होना चाहिए ।

**148.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/कौन से कथन शोध प्रविधि के बारे में सही है/हैं ?

(a) शोध प्रविधि का क्षेत्र शोध विधियों से ज्यादा विस्तृत है ।

(b) शोध प्रविधि अध्ययन का एक विज्ञान है जो यह बताता है कि शोध को वैज्ञानिक रूप से कैसे किया जाय ।

(c) शोध प्रविधि सांख्यिकी सम्बन्धों के लिए उपयोग की जाने वाली अनुसंधान तकनीकों का एक उप-समूह है ।

(d) शोध प्रविधि केवल डेटा के संग्रहण और प्रसंस्करण को सन्दर्भित करता है ।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (a) सही है ।

(2) केवल (a) और (b) सही हैं ।

(3) केवल (a), (b) और (c) सही हैं ।

(4) केवल (a), (b), (c) और (d) सही हैं ।

**149.** प्रतिवेदन लेखन के विभिन्न चरणों को उनके सही क्रम में जमाएँ और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) कच्चे प्रारूप का पुनर्लेखन और परिष्करण

(b) अन्तिम रूपरेखा की तैयारी

(c) विषय-वस्तु का तार्किक विश्लेषण

(d) अन्तिम संदर्भ ग्रंथसूची की तैयारी

सही उत्तर का चयन कीजिए ।

(1) (c), (b), (a), (d)

(2) (b), (a), (d), (c)

(3) (c), (a), (b), (d)

(4) (a), (d), (b), (c)

**150.** According to Seckler Hudson leadership in large organisations depend on which three things ?

(1) Power, Authority and Command

(2) Traits, Situation and Elements

(3) The individual, The follower and the conditions

(4) Headship, Position and hierarchy

**150.** सेकलर हडसन के अनुसार, बड़े संगठनों में नेतृत्व किन तीन चीजों पर निर्भर करता है ?

(1) शक्ति, सत्ता और आदेश

(2) गुणों, स्थिति और तत्त्वों

(3) व्यक्ति, अनुयायी और शर्तों

(4) प्रभार, पदस्थिति और पदसोपान

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह